## सीरिया के प्रतिनिधि मंडल ने किया मेवाड़ विश्वविद्यालय का दौरा

# मेवाड़ विश्वविद्यालय शिक्षा की दृष्टि से छात्रों के लिए अनुकूल : कमाल अब्बास





चित्तौड़गढ़/ गंगरार, 13 फरवरी (कासं.)। उच्च शिक्षा के लिए सीरिया से कई छत्र-छात्राओं को आने वाले समय में मेवाड़ विश्वविद्यालय भेजा जाएगा।

यह बात मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार के दौरे पर प्रतिनिधि मंडल के साथ आए भारत में सीरिया के राजदूत रियाड कमाल अब्बास ने कही। उन्होंने कहा कि निःसन्देह मेवाड़ विश्वविद्यालय इन छात्रों के लिए शिक्षा एवं वातावरण की दृष्टि से अनुकूल है। राजदूत रियाज कमाल अब्बास ने विश्वविद्यालय में चलाए जा रहे विभिन्न संकायों, कक्षाओं एवं प्रयोगशालाओं की सराहना की। उन्होंने मेवाड़ विश्वविद्यालय में न केवल भारत की विविधता में एकता को सराहा वरन विश्व के विभिन्न देशों के छात्रों एवं उनकी विविधताओं के समावेश की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की तारीफ की। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में भारत-सीरिया संबंधों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत घूमर राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुति दी गयी, इसके साथ ही यमन के छात्रों द्वारा भी नृत्य प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के चैयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। अंत मे विश्वविद्यालय के प्रो वीसी आनंद वर्धन शुक्ल ने अतिथियों का विश्वविद्यालय भ्रमण करने पर आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि मेवाड़ विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्र जहां देश के 29 राज्यों का प्रतिनिधित्व करते है, वहीं विश्व के 22 देशों के विद्यार्थी भी विश्वविद्यालय में अध्यनरत हैं। यहां मुख्यतः नाईजीरिया, सूडान, घाना, यमन, सीरिया, अफगानिस्तान आदि देशों के विद्यार्थी न केवल अपनी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं वरन भारतीय सहपाठियों के साथ मिलकर भारतीय संस्कृति एवं संस्कारो से रूबरू भी हो रहे है। विश्वविद्यालय की शिक्षण प्रणाली एवं अन्य समस्त मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता इन विदेशी छात्र छात्राओं को मेवाड़ विश्वविद्यालय की तरफ आकर्षित कर रही है एवं हर वर्ष इन छात्रों की संख्या में विस्तार हो रहा है। कार्यक्रम में सीरियन समुदाय के प्रेसिडेंट माजिन नेसरी, सीरियन छात्र संगठन अध्यक्ष जुल्फिकार अब्बास, सोशल लीडर केलवी रशिद रिजवी, विश्वविद्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं विश्वविद्यालय में अध्यनरत देश-विदेश के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

Jannayak 15-02-2021

# सीरिया के राजदूत मेवाड़ विवि आए

गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय का शनिवार को भारत में सीरिया के राजदूत रियाड़ कमाल अव्वास ने अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न संकायों, कक्षाओं एवं प्रयोगशालाओं को देखा। विभिन्न देशों के छात्रों एवं उनकी विविधताओं के समावेश को उन्होंने सराहा। विश्वविद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की तारीफ की। उन्होंने अपने उद्बोधन में भारत-सीरिया संबंधों पर प्रकाश डाला। कहा कि सीरिया से कई छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए यहां भेजा जाएगा। उनके स्वागत में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। आयोजन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चैयरपर्सन डॉ. अशोककुमार गदिया ने की। वीसी आनंदवर्धन शुक्ल ने आभार व्यक्त किया।

इधर, विश्वविद्यालय तथा केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से औद्योगिक अभिप्रेरणा पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को मंत्रालय की योजनाएं बताना व आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना था। एमएसएमईए जयपुर के सहायक निदेशक संजय मीणा, जिला उद्योग केंद्र के राहुलदेव सिंह ने आदि ने लोन व स्वरोजगार संबंधी जानकारी दी।



Dainik Bhaskar 15-02-2021